मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-215
22/04/2021

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव श्री सीताराम येचुरी के बड़े बेटे आशीष येचुरी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 22 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव श्री सीताराम येचुरी के बड़े बेटे आशीष येचुरी के कोविड–19 के कारण असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि आशीष येचुरी जी के निधन से मैं स्तब्ध और दुखी हूँ। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनायें श्री सीताराम येचुरी जी और उनके परिवार के सदस्यों के साथ हैं।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******